सड़क किनारे से कबाड़ तथा बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाने भिलाई में चलाया गया बड़ा अभियान, सैकड़ों वाहनों को हटाने के साथ ही की गई चालानी कार्रवाई लंबे अरसे से खड़े वाहनों को भी हटाया गया, छोटे-बड़े सभी वाहनों पर हुई कार्रवाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सड़कों के किनारे से आज कंडम , कबाड़ तथा बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाने संयुक्त अभियान यातायात विभाग के साथ मिलकर निगम ने चलाया। इसकी शुरुआत नेशनल हाईवे सड़क किनारे से की गई तथा नेहरू नगर गुरुद्वारा के समीप से वाहनों को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ हुई। इस दौरान बेतरतीब खड़े वाहनों तथा काफी लंबे अरसे से खड़े करने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई भी की गई। इस कार्रवाई में 44000 रुपए का जुर्माना विभिन्न वाहन मालिकों पर लगाया गया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सड़को के किनारे से ऐसे वाहनों को हटाने के लिए संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। । इससे पूर्व वाहनों को हटाने के लिए सूचना/नोटिस भी दी जा चुकी थी, फिर भी वाहनों को नहीं हटाने वालों पर आज कार्रवाई हुई है। इन सभी कारणों से ऐसे वाहनों को हटाने का अभियान चलाना आवश्यक हो गया था। इसके निर्देश कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने भी निरीक्षण के दौरान दिए थे। जिसे लेकर निगम आयुक्त ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई करने अधिकारियों को अभियान चलाने कहा था। आज छोटे-बड़े सैकड़ों वाहनों को सड़क किनारे से खाली कराया गया इसके साथ ही कई वाहनों पर यातायात विभाग ने चालानी कार्रवाई की है। ट्रेफिक क्लियर करने के दृष्टिकोण से निगम और यातायात विभाग के समन्वय से आज एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। आज के कार्रवाई में सीएसपी संतोष ठाकुर , नगर निरीक्षक अनीश सारथी, निगम से परमेश्वर चंद्राकर एवं राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही।